पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# गोमती नगर विस्तार में 28.72 करोड़ की 14 परियोजनाओं का शिलान्यास

**लखनऊ : 28 अगस्त, 2025**

नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग द्वारा गुरुवार को गोमती नगर विस्तार, सेक्टर–4 स्थित ओएचटी परिसर, हेल्थ सिटी चौराहा पर भव्य शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीकेटी विधायक श्री योगेश शुक्ला उपस्थित रहे। तीनों जनप्रतिनिधियों – मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, और विधायक श्री योगेश शुक्ला ने लखनऊ विकास प्राधिकरण से नगर निगम को हस्तांतरित गोमती नगर विस्तार की विभिन्न परियोजनाओं का विधिविधानपूर्वक पूजन कर शिलान्यास किया।

कुल 14 परियोजनाओं का शिलान्यास (लागत ₹28.72 करोड़)

1. सेक्टर–1 अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता के सीडब्ल्यूआर का निर्माण–₹410 लाख

2. सेक्टर–6 अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता के सीडब्ल्यूआर का निर्माण – ₹410 लाख।

3. सेक्टर–4 जुराखनपुरवा/सीएमएस शहीद पथ स्थित अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर – ₹410 लाख।

4. सेक्टर–4 सीवरेज पम्पिंग स्टेशन के पास अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर – ₹410 लाख।

5. सेक्टर–5 रामकथा पार्क के पास अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर – ₹410 लाख।

6. हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के पास स्थित सीवरेज पम्पिंग स्टेशन का जीर्णोद्धार – ₹326.38 लाख।

7. सेक्टर–4 मखदूमपुर गाँव पार्क में नया नलकूप – ₹68.56 लाख।

8. सेक्टर–4 सरस्वती अपार्टमेंट के पास नया नलकूप – ₹68.56 लाख।

9. सेक्टर–1 मखदूमपुर में नया नलकूप – ₹68.56 लाख।

10. सेक्टर–6 पीली कॉलोनी पार्क के पास नया नलकूप – ₹68.56 लाख।

11. सेक्टर–1 सुलभ आवास पम्प नं. 3 के पास नलकूप की रिबोरिंग – ₹55.50 लाख।

12. सेक्टर–4 जुराखनपुरवा ओएचटी के पास नलकूप की रिबोरिंग – ₹55.50 लाख।

13. सेक्टर–5/84 के पास नलकूप की रिबोरिंग – ₹55.50 लाख।

14. सेक्टर–6 ईदगाह के पास नलकूप की रिबोरिंग – ₹55.50 लाख।

मुख्य अतिथि माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि लखनऊ को आधुनिक और सुसज्जित नगर के रूप में विकसित किया जाए। इन परियोजनाओं से गोमती नगर विस्तार में जलापूर्ति तंत्र मजबूत होगा और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएँ बेहतर रूप से मिलेंगी। सरकार और नगर निगम मिलकर हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने कहा कि गोमती नगर विस्तार शहर का महत्वपूर्ण और तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है। यहाँ की जनता को स्वच्छ पेयजल और बेहतर सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इन 14 परियोजनाओं के पूरा होने से नागरिकों को जलापूर्ति और सीवरेज संबंधी परेशानियों से बड़ी राहत मिलेगी। नगर निगम सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराएगा।

परियोजनाएँ पूरी होने पर गोमती नगर विस्तार में जलापूर्ति की गुणवत्ता और दबाव दोनों सुधरेंगे, साथ ही सीवरेज प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे कराए जाएंगे।

इस अवसर पर माननीय पार्षद श्री राजेश रावत जी, श्री संजय राठौर जी, श्री शैलेंद्र वर्मा जी, पूर्व पार्षद श्री रामकृष्ण यादव जी, अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार जी, महाप्रबंधक जलकल श्री कुलदीप सिंह जी, उपविजेता श्री अशोक कुमार जी, श्री धनीराम रावत जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री आनंद पांडे जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा श्री गौरव राय जी, पूर्व प्रधान श्री किरन विश्वकर्मा जी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र– जयेन्द्र सिंह**

राघवेन्द्र/05:20 **PM**